मूल्य 1 रु.
वर्ष: 9 - अंक : 265, मुंबई, मंगलवार, 7 जनवरी, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान


दैनिक
# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर

## दिल्ली विधानसभा चुनाव

# 70 सीटों पर 8 फरवरी को वोटिंग




| | |
|---|---|
| नोटिफिकेशन | 14 जनवरी |
| नामांकन की आखिरी तारीख | 21 जनवरी |
| स्क्रूटनी | 22 जनवरी |
| नाम वापसी | 24 जनवरी |
| मतदान | 8 फरवरी |
| नतीजे | 11 फरवरी |

## 11 को नतीजे, केंद्र सरकार पर बजट में दिल्ली से जुड़ी घोषणा करने पर रोक

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। 8 फरवरी को वोटिंग होगी और 11 फरवरी को नतीजा आएगा। इसके साथ ही दिल्ली में आचार संहिता भी लागू हो गई है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

### क्या बोले मुख्य चुनाव आयुक्त

- मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने कहा- मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 22 जनवरी 2020 को खत्म हो रहा है। 70 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे। विधानसभा का कार्यकाल 22 जनवरी 2020 को खत्म हो रहा है। 58 सामान्य और 12 आरक्षित हैं। 1 करोड़ 46 लाख 92 हजार 136 वोटर है।
- दिल्ली में 2689 जगहों पर वोटिंग होगी। 13 हजार 757 पोलिंग बूथ बनाए जाएंगे। चुनाव में 90 हजार कर्मचारियों की जरूरत होगी। वरिष्ठ नागरिकों के लिए चुनाव आयोग ने खास इंतजाम किए हैं।
- अरोड़ा ने कहा कि यह मुद्दा 2017 में सामने आया था। इसके बाद आयोग ने फैसला किया था कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए आम बजट में राज्य आधारित योजना की घोषणा नहीं की जा सकेगी। ऐसी कोई घोषणा नहीं की जा सकेगी जो उन मतदाताओं को प्रभावित कर सकती हो, जहां चुनाव होने जा रहे हैं। यह फैसला 5 राज्यों उत्तर प्रदेश, गोवा, पंजाब, मणिपुर और उत्तराखंड में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान लिया गया था। उस वक्त चुनाव प्रक्रिया जारी रहने के दौरान आम बजट पेश किया गया था। दिल्ली चुनाव के मद्देनजर भी आम बजट में न तो दिल्ली से संबंधित किसी योजना की घोषणा की जा सकेगी, न ही दिल्ली में हुए कार्यों को बजट में रेखांकित किया जा सकेगा।

शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत ने कहा...

## राष्ट्रपति पद के लिए शरद पवार के नाम पर विचार किया जाए



### सांसद संजय राउत ने तीनों दल के गठबंधन में अहम भूमिका निभाई, महाराष्ट्र में शिवसेना-कांग्रेस-राकांपा के गठबंधन की सरकार है

**संवाददाता**


**मुंबई।** शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रपति पद के लिए राकांपा प्रमुख शरद पवार के नाम पर विचार किया जाना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री और चार बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे पवार को सीनियर नेता बताते हुए राउत ने सभी से उनके नाम पर सहमति बनाने की अपील भी की। राउत ने कहा, शरद पवार देश के वरिष्ठ राजनेता हैं। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

### राउत का दावा- 2022 तक हमारे सदस्य बढ़ जाएंगे

राउत ने कहा, दूसरे राजनीतिक दल भी राष्ट्रपति पद के लिए अपने सीनियर नेताओं के नाम सामने रख सकते हैं। लेकिन, मुझे लगता है कि 2022 तक संसद और विधानसभा में हमारे पक्ष में इतने सदस्य हो जाएंगे कि हम राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार तय कर सकें।





## भीड़भाड़ वाले कामठीपुरा की एक इमारत में लगी आग

### एक बच्ची समेत 8 घायल

मुंबई। शहर के भीड़भाड़ वाले कामठीपुरा के नागपाड़ा इलाके में सोमवार सुबह एक पुरानी इमारत में आग लग गई। हादसे में एक बच्ची समेत 8 लोग घायल हुए हैं। हालांकि, दमकल विभाग के काफी प्रयास के बाद तकरीबन 5 घंटे बाद इसपर काबू पा लिया गया है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### घर पर हो गई चोरी, तो रेलवे करेगी भरपाई




**मुंबई।** 17 जनवरी को मुंबई से अहमदाबाद के बीच इंडियन रेलवे केटरिंग ऐंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) द्वारा प्राइवेट ट्रेन के तौर पर तेजस एक्सप्रेस को चलाने की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इसमें यात्रा करने वालों को सामान्य ट्रेनों से अलग सुविधाएं दी जा रही हैं। तेजस में ट्रेन यात्रा के दौरान यदि यात्री के घर पर चोरी हो जाती है, तो नुकसान की भरपाई की जाएगी।

आईआरसीटीसी द्वारा संचालित तेजस एक्सप्रेस में टिकट बुकिंग के बाद यात्री को बीमा कंपनी की ओर से ई-मेल प्राप्त होगा। इसमें यात्रा की सभी शर्तें लिखी रहेंगी। आईआरसीटीसी के अनुसार, यदि यात्रा के दौरान एक लाख रुपये तक की चोरी हो जाती है, तो बीमा कंपनी द्वारा मुआवजा दिया जाएगा। यात्री को एफआईआर की कॉपी बीमा कंपनी को देनी होगी। बीमा कंपनी द्वारा जांच के बाद मुआवजा दिया जाएगा।

इससे पहले आईआरसीटीसी ने तेजस एक्सप्रेस के लेट होने पर मुआवजा देने की शुरूआत की थी। दिल्ली से लखनऊ के बीच चल रही तेजस एक्सप्रेस में यह सुविधा शुरू कर दी गई है। आईआरसीटीसी ने बताया कि तेजस के एक घंटा लेट होने पर यात्रियों को 100 रुपये, जबकि 2 घंटे से ज्यादा की देरी पर 250 रुपये का मुआवजा दिया जा रहा है। तेजस में कुल 758 सीटें हैं, जिनमें 56 सीटें एग्जिक्यूटिव क्लास की और बाकी सीटें एसी चेयर क्लास की हैं। इस ट्रेन के यात्रियों का अनिवार्य रूप से 25 लाख रुपये का ट्रैवल इंश्योरेंस कराया जाएगा। भारत में ट्रेनों की लेटलतीफी की बात आम है, लेकिन विदेशों में ऐसा नहीं है। जापान में ट्रेन लेट पर होने पर रेलवे कंपनी यात्रियों को एक सर्टिफिकेट जारी करती है, जिसे वे अपने ऑफिस, स्कूल, यूनिवर्सिटी एग्जाम में देरी से पहुंचने के कारण के रूप में पेश कर सकते हैं। यह सर्टिफिकेट ट्रेन के 5 मिनट की देरी से आने पर भी जारी किया जाता है। पैरिस में भी सर्टिफिकेट जारी करने का ऐसा ही सिस्टम है। वहीं ब्रिटेन में ट्रेन के देरी से पहुंचने या कैंसल होने पर सभी यात्रियों को मुआवजा दिया जाता है। नॉर्वे और फिनलैंड में ट्रेन के आधे घंटे से ज्यादा लेट होने पर यात्रियों को किराये का 50 प्रतिशत मुआवजे के रूप में लौटाया जाता है। ट्रांस-साइबेरियन रेलवे में भी मुआवजे का ऐसा ही नियम है।

### महाराष्ट्र में ऑपरेशन लोटस की कोई योजना नहीं : चंद्रकांत पाटिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में गठबंधन सरकार के ज्यादा समय तक नहीं चल पाने का रविवार को भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस और नितिन गडकरी के दावा करने के बीच प्रदेश भाजपा प्रमुख चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि उनकी पार्टी उद्धव ठाकरे नीत सरकार को गिराने की कोशिश नहीं कर रही है। पाटिल ने पुणे में संवाददाताओं से कहा, महाराष्ट्र विकास आघाडी सरकार को गिराने की कोई योजना नहीं है।

हम यहां ऑपरेशन लोटस की कोई योजना नहीं बना रहे हैं। हम मजबूत विपक्ष के रूप में काम करना जारी रखेंगे। इससे पहले दिन में फडणवीस ने नागपुर में कहा था, इस सरकार को कपटी लोगों ने बनाया है। यह छह महीने भी नहीं चलेगी। वहीं, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में कहा कि शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा के बीच गठबंधन अस्वाभाविक है तथा महाराष्ट्र विकास आघाड़ी की सरकार खुद ब खुद ही गिर जाएगी।

# मुंबई में बनने लगा बांद्रा-वसोर्वा सी लिंक, 2023 तक होगा तैयार

**मुंबई।** समंदर के रास्ते बांद्रा को वसोर्वा से जोड़ने के लिए बांद्रा-वसोर्वा सी लिंक का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। सी लिंक के लिए बांद्रा में सागर किनारे अब तक 14 बेस पिलर का निर्माण किया जा चुका है। सी लिंक के पूरे मार्ग में 5000 बेस पिलर का निर्माण होना है। इन बेस पिलर की सहायता से सागर में 1000 मैन पिलर खड़े किए जाएंगे। पश्चिमी उपनगर की ट्रैफिक की समस्या कम करने के लिए महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम सागर में 17 किलोमीटर लंबा सी लिंक तैयार कर रहा है।

8 लेन वाले सी लिंक के निर्माण पर 11 हजार 332 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें से 6 हजार 994 करोड़ रुपए सी लिंक पर खर्च होंगे। नवंबर महीने में शुरू हुए सी लिंक का काम बेहद ही सुस्त गति से चल रहा है। अधिकारियों के अनुसार समय पर निर्माण कार्य पूरा करने के लिए रोजाना करीब 6 बेस पिलर और एक महीने में करीब 140 बेस पिलर का निर्माण होना चाहिए।

ठेकेदार ने पहले महीने में केवल 14 बेस



पिलर तैयार किए हैं। यदि इस गति से आगे भी काम चलता रहा तो परियोजना का समय पर पूरा होना मुश्किल है। एमएसआरडीसी ने वर्ष 2023 तक परियोजना पूरी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। 17 किलोमीटर लंबे सी लिंक का काम अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर को सौंपा गया है। रिलायंस इटली की कंपनी के साथ मिलकर सी लिंक को तैयार कर रही है।


सी लिंक का निर्माण होने के बाद बांद्रा से वसोर्वा का सफर 50 मिनट से घटकर 15 मिनट हो जाएगा। 17 किलोमीटर लंबे सी लिंक बांद्रा के कार्टर रोड, जुहू से होते हुए वसोर्वा पहुंचेगा। गौरतलब है कि बांद्रा से वसोर्वा की तरफ रोजाना हजारों की संख्या में वाहनों की आवाजाही होती है। शाम के वक्त एक साथ हजारों गाड़ियों के सड़क पर आने से लोगों को ट्रैफिक की समस्या से जूझना पड़ता है। एमएसआरडीसी बांद्रा-वार्ली सी लिंक का निर्माण पहले ही कर चुकी है। ऐसे में सागर पर दूसरा सी लिंक बनने पर बांद्रा से वसोर्वा का सफर आसान हो जाएगा।

बेस पिलर या पाइल वह होता है, जो पुल का पिलर तैयार करने से पहले जमीन की खुदाई कर आधार 'स्तंभ' के रूप में तैयार किया जाता है। एमएसआरडीसी अधिकारी के अनुसार, लोकेशन और परिस्थिति के आधार पर एक पिलर खड़ा करने के लिए कही 6 तो कही 8 पाइल का इस्तेमाल किया जाएगा। एक पाइल के निर्माण में करीब 20 से 25 लाख रुपये खर्च होते हैं।

## कांदिवली में 4,000 चायनीज अंडे पकड़े !

**मुंबई।** बीएमसी आर मध्य और आर उत्तर की प्रभाग समिति अध्यक्ष संध्या दोषी ने कांदिवली (पश्चिम) के चारकोप इलाके में नकली 4000 अंडे पकड़े हैं, जो चारकोप पुलिस को सौंप दिए गए। बताया जा रहा है कि ये चायनीज और प्लास्टिक के अंडे हैं। दोषी ने कहा कि अंडे चायनीज प्लास्टिक के लग रहे हैं। पुलिस ने दोनों टेंपो को सील कर दिया है। अगले 15 दिन में जांच कर इसकी रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है।

चारकोप में रहने वाले अनुज भुवड एक दुकान से अंडे खरीदते हैं। शनिवार दोपहर में भी उन्होंने वहीं से अंडे खरीदे, लेकिन उन्हें अहसास हुआ कि अंडे नकली हैं। इस बात को लेकर उन्होंने दुकानदार से शिकायत की, तो दोनों में कहा-सुनी हो गई। वहीं से जा रहे नगरसेविका के पति विपुल दोषी ने जाकर दुकानदार से पूछताछ की और उसके बाद नगरसेविका



ने शिवसैनिकों की मदद से दो टेंपो में रखे अंडे कब्जे में लेकर चारकोप पुलिस को सूचना दी। शुरू में पुलिस ने शिकायत दर्ज करने से इनकार कर दिया, लेकिन जब संध्या ने अन्न एवं औषधि संचालनालय आयुक्त पल्लवी दराडे से संपर्क किया, तो दराडे ने तुरंत अपने दो अधिकारी घटनास्थल पर रवाना किए। इसके बाद पुलिस ने शिकायत दर्ज कर दोनों टेंपो को सील कर दिया। चारकोप पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विठ्ठल शिंदे ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

## कर्नाटक से रानीबाग में आए दो लकडबग्घे

**मुंबई।** भायखला स्थित वीरमाता जिजाबाई भोसले उद्यान (रानीबाग) आने वाले पर्यटकों को दो लकड़बग्घे भी देखने को मिलेंगे।

इन्हे कर्नाटक के मैसूर के श्री चमराजेंद्र प्राणीशास्त्र उद्यान से यहां मंगाया गया है। पट्टेदार लकडबग्घे 2 जनवरी को भायखला लाए गए थे। इन्हें अभी विशेष देखभाल में रखा गया है। जल्द ही पर्यटकों के लिए बाहर निकाला जाएगा।

# भिवंडीः कुत्तों की नसबंदी पर खर्च होंगे 30 लाख

**भिवंडी।** भिवंडी मनपा ने शहर में बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या को देखते हुए उनकी रोकथाम के लिए नसबंदी की योजना तैयार की है। अवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए बीड़ के एक एनजीओ को 10 सालों के लिए ठेका दिया गया है एक कुत्ते की नसबंदी के लिए मनपा एनजीओ को 1190 रुपये का भुगतान किया करेगो इसके पहले चरण में मनपा द्वारा 30 लाख रुपये की निविदा मंजूर की गई है अवारा कुत्तों की नसबंदी को लेकर यदि प्रथम चरण में एनजीओ का काम संतोषजनक रहा, तो उसे आगे का भी ठेका दिया जाएगा। बता दें कि भिवंडी में आवारा कुत्तों के



आतंक से संबंधित एनबीटी में छपी खबर को गंभीरता से लेते हुए मनपा ने आवारा कुत्तों की नसबंदी का ठेका एक एनजीओ को दिया है मनपा सूत्रों के अनुसार, एनजीओ द्वारा जल्द ही इस पर काम शुरू कर दिया जाएगो गौरतलब है कि अंसारनगर स्थित बंदा नवाज मस्जिद के सामने पांच मासूम बच्चों को एक आवारा कुत्ते ने काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया थो एक लड़की की हालत अभी भी गंभीर है। उसके इलाज पर लाखों रुपये खर्च हो चुके हैं।

इस घटना के बाद मनपा आयुक्त डॉ. प्रवीण आष्टीकर ने मनपा अधिकारियों को तुरंत निविदा निकालकर उसे मंजूर करने का आदेश दिया थो इसके बाद मनपा अधिकारियों ने 8519 कुत्तों की नसबंदी के लिए बीड़ जिला के हिंगोली स्थित एनजीओ यूनिवर्सल एनिमल वेलफेयर सोसायटी को ठेका दे दिया है। सूत्रों के अनुसार, मनपा अधिकारियों द्वारा एनजीओ के साथ अनुबंध सहित कानूनी जटिलताओं को खत्म करने के लिए काम किया जा रहा है करीब एक करोड़ 13 लाख रुपए के ठेके के प्रथम चरण के लिए 30 लाख रुपये की निविदा मंजूर की गई है। प्रथम चरण की अवधि सात महीने की होगी।

बता दें कि मार्च 2011 में 18,259 अवारा कुत्तों की नसबंदी की गई थी, लेकिन उसके बाद भिवंडी शहर के कतलखानों एवं मांस-मछली विक्री की दुकानों से आवारा कुत्तों को भरपूर खाद्य मिलने के कारण मनपा की सीमा से लगे कारीवली, खाड़ीपार, अंजुरफाटा, भिनार, ओवली एवं शेलार सहित अन्य गांवों से आवारा कुत्तों की आवक शुरू हो गई।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साई मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# महाराष्ट्रः शिवसेना ने 'कुबार्नी' देकर कांग्रेस-एनसीपी को मनाया

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे सरकार के मंत्रियों को आखिरकार विभाग मिल ही गए। कांग्रेस कृषि, ग्राम विकास और सहकारिता की मांग पर अड़ी थी, उसे शिवसेना ने खेल-कूद और खारजमीन विभाग देकर मना लिया। शिवसेना ने एनसीपी को गृह मंत्रालय दे दिया है। ज्यादातर मालदार विभाग एनसीपी के खाते में गए हैं। हालांकि, विभाग बंटवारे को लेकर कुछ मंत्रियों में असंतोष है, लेकिन कोई कुछ बोलने के लिए तैयार नहीं है।

महाराष्ट्र के ठाकरे सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार सोमवार 30 दिसंबर को किया गया था। उस दिन कुल 36 मंत्रियों ने शपथ ली, लेकिन विभागों के बंटवारे को लेकर तीनों दलों के बीच समझौता नहीं हो पा रहा था। कांग्रेस ने ग्राम विकास, कृषि और सहकारिता में से एक विभाग की यह कहते हुए मांग की कि उसके ज्यादातर विधायक ग्रामीण क्षेत्र से हैं, इसलिए उसे ग्राम विकास से संबंधित एक और विभाग दिया जाए।



इसे लेकर गुरुवार को एनसीपी के अजित पवार और कांग्रेस के अशोक चव्हाण के बीच ठन भी गई थी। एनसीपी ने एक भी मंत्रालय कांग्रेस को नहीं दिया, बल्कि कांग्रेस को मनाने के लिए शिवसेना ने कुबार्नी दी। शिवसेना ने अपने कोटे से कांग्रेस को युवा, खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्य और खार जमीन विकास विभाग दिए, जिसके बाद मामला हल हुआ।

विभागों के बंटवारे से संबंधित सूची मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शनिवार को ही राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी को दे दी थी, लेकिन राज्यपाल सोने चले गए थे। बताया जाता है कि राज्यपाल ने रविवार की भोर में इस पर हस्ताक्षर किए, जिसे सुबह सार्वजनिक किया गया।

कांग्रेस के अशोक चव्हाण को सार्वजनिक निर्माण कार्य (जिसमें सार्वजनिक उपक्रम छोड़कर) दिया गया। बाला साहेब थोरात के पास राजस्व विभाग बरकरार है। एनसीपी के जयंत पाटील या अजित पवार को गृह मंत्रालय मिलने की उम्मीद थी, लेकिन यह विभाग अनिल देशमुख को दिया गया। एनसीपी के नवाब मलिक को अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय, वक्फ बोर्ड, कौशल विकास एवं उद्यमिता दिया गया। कांग्रेस के नितिन राउत को उर्जा विभाग दिया गया।

## बीएमसी में भी होंगे सचिव

**मुंबई।** मंत्रालय में मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, विधानमंडल सचिव के नाम से पोस्ट जानी जाती है। जबकि 100 साल से अधिक पुरानी बीएमसी में सचिव की जगह अभी भी 'चिटणीस' इस्तेमाल किया जाता है। अब 14 साल की प्रक्रिया के बाद बीएमसी में 'चिटणीस' के बदले सचिव पदनाम इस्तेमाल होंगे। यह जानकारी अडिशनल कमिश्नर विजय सिंघल ने दी। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह से यह बदलाव देखने को मिलेगा।

भाजपा सांसद एवं वर्ष 2005 में तत्कालीन भाजपा ग्रुप लीडर गोपाल शेट्टी ने बीएमसी में 'चिटणीस' की जगह सचिव पद लाने का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने तब कहा था कि 'चिटणीस' पारसी शब्द है। प्रस्ताव ने यह स्पष्ट था कि 'चिटणीस' की जगह मराठी में 'सचिव' होना चाहिए।

# जेएनयू हिंसाः मुम्बई में गेटवे ऑफ इंडिया पर प्रदर्शन

**मुम्बई।** मुम्बई में विभिन्न कॉलेजों के छात्र जवाहर लाल नेहरू (जेएनयू) में हुई हिंसा के विरोध में सोमवार सुबह गेटवे ऑफ इंडिया पर एकत्र हुए। छात्रों ने हिंसा के खिलाफ नारेबाजी भी की। इससे पहले रविवार रात भी जेएनयू के छात्रों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए छात्रों ने मोमबत्ती जलाई थी। मुम्बई के विभिन्न कॉलेजों के अधिकतर छात्र ताज महल पैलेस होटल के पास एकत्रित हुए। छात्र ने कहा कि यह तत्काल आहूत किया मार्च था। जेएनयू परिसर में रविवार रात उस वक्त हिंसा भड़क गयी थी, जब लाठियों से लैस कुछ नकाबपोश लोगों ने छात्रों तथा शिक्षकों पर हमला कर दिया था और परिसर में संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था जिसके बाद प्रशासन को पुलिस को बुलाना पड़ा था। इस हमले में जेएनयू छात्र संघ की अध्यक्ष आइशी घोष सहित कम से कम 28 लोग घायल हुए हैं। प्रत्यदर्शियों ने आरोप लगाया है कि हमलावर जेएनयू परिसर में तब घुसे जब जेएनयू शिक्षक संघ परिसर में हिंसा और छात्रों तथा प्रोफेसरों पर हमलों के मुद्दे पर



बैठक कर रहे थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वे तीन छात्रवासों में भी घुसे। कुछ टीवी चैनलों पर दिखाई जा रही फुटेज में पुरुषों का एक समूह हाथ में हॉकी और लोहे की छड़ें लिए एक इमारत के पास नजर आ रहा है। वाम नियंत्रित जेएनयूएसयू और आरएसएस से संबद्ध एबीवीपी इस हिंसा के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं।

# महाराष्ट्रः किसान ने मुख्यमंत्री आवास में घुसने की कोशिश की

**मुंबई।** महाराष्ट्र में रविवार सुबह एक किसान ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निजी आवास मातोश्री में घुसने का प्रयास किया। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षाकर्मियों के हाथ पैर उस वक्त फूल गए जब एक किसान ने सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए अपनी नाबालिग लड़की के साथ मुख्यमंत्री के निजी आवास ह्यमातोश्रीह्व में दाखिल होने की कोशिश की।

किसान की पहचान महेंद्र देशमुख (45) के रूप में हुई, जो रायगढ़ जिले के पनवेल से आया था। उसके पास कुछ कागजात थे। किसान ने उपनगर बांद्रा (पूर्व) में स्थित मातोश्री



के बाहर उच्च सुरक्षा वाली सड़क पर आकर अंदर जाने की कोशिश की। जब देशमुख और उसकी 11 साल की बेटी ने अंदर जाने की कोशिश की तो पुलिस टीम ने उन्हें रोक दिया। देशमुख ने पुलिस का प्रतिरोध किया और कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री से मिलना है, चाहे पुलिस उन्हें गोली क्यों न मार दे। इसके बाद पुलिस उन्हें पकड़कर थाने ले गई। जब यह खबर मातोश्री के अंदर पहुंची तो उद्धव ठाकरे और पर्यावरण मंत्री आदित्य ठाकरे ने तुरंत पुलिस को निर्देश दिया कि देशमुख और उनकी बेटी को रिहा किया जाए और उनकी शिकायतों का ब्योरा लिया जाए।

पुलिस ने इसके बाद विस्तार से उनसे पूछताछ की और देशमुख व उसकी बेटी को आधे घंटे बाद छोड़ दिया। देशमुख ने मीडियाकर्मियों से कहा कि वह पिछले आठ सालों से खेती के कर्ज में डूबा हुआ है और मुख्यमंत्री से अपनी दुर्दशा को उजागर करना चाहता है।

# उद्धव सरकार की मंत्री का बयान, 'हमनें अभी-अभी शपथ ली है, जेब गर्म करना बाकी है'

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सरकार के मंत्रिमंडल बंटवारे के एक रोज बाद ही प्रदेश सरकार की एक मंत्री का विवादित बयान चर्चा का विषय बन गया है। महाअघाड़ी की सरकार में मंत्री बनीं यशोमति ठाकुर के एक बयान का विडियो सोशल साइट्स पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह यह कहते हुए दिख रही हैं कि उनकी सरकार ने अभी हाल ही में शपथ ली है और अभी उन्हें जेब गर्म करना बाकी है। यशोमति ठाकुर ने यह बयान स्थानीय निकाय चुनाव के प्रचार के दौरान एक सभा में दिया।

महाराष्ट्र की एक सभा के दौरान यशोमति ठाकुर ने



लोगों को संबोधित करते हुए कहा, 'आप सभी को पता है कि पहले हर तरह के खेल खेले जा चुके हैं। पहले हमारी सरकार नहीं थी और अब जब हमनें शपथ ले ली है, लेकिन अब तक अपनी जेब नहीं भरी है। विपक्ष के लोगों के पास बहुत पैसे हैं और उनकी जेब बहुत गहरी है। अगर वो आपके घर पैसे देने आएं तो उन्हें ना नहीं करना। घर आई लक्ष्मी को ना कौन कहता है, लेकिन वोट पंजे को देना।'

इस बारे में यशोमति ने हमारे सहयोगी चैनल टाइम्स नाउ से बात करते हुए कहा क्या आजकल बयान का गलत मतलब निकालने का फैशन है क्या। मुझे नहीं पता कि आप किस बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन मैं यह कह सकती हूं कि मेरे बयान का गलत मतलब निकाला गया और इसे तोड़ मरोड़ के पेश किया गया।

मैंने कहा था कि जो लोग केंद्र की सरकार में हैं और जो अब तक यहां सरकार चला चुके हैं उनके पास पैसे हैं और उनकी जेबें गर्म हैं। हमारे पास पैसे नहीं हैं। यशोमति ने यह आरोप भी लगाया कि किसी ने उनके विडियो के साथ छेड़छाड़ की और इसे तोड़-मरोड़कर पेश किया।

## विवादास्पद बयान: महाराष्ट्र की मंत्री यशोमति ठाकुर बोलीं...

# अभी-अभी सरकार बनी है, अभी तो जेबें गर्म करना बाकी है



**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की महिला एवं बाल विकास मंत्री यशोमति ठाकुर अपने एक बयान को लेकर विवादों में घिर गई हैं। शनिवार को अमरावती में स्थानीय निकाय चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट मांगते वक्त उन्होंने एक सभा में कहा, अभी-अभी सरकार बनी है, अभी तो जेबें गर्म करना बाकी है। यशोमति अमरावती की तिवसा सीट से कांग्रेस विधायक हैं।

### मंत्री ने कहा- घर आई लक्ष्मी को कौन मना करता है

बीते पांच साल की बात आप सबको पता है। पिछली सरकार हमारी नहीं थी। हमारी सरकार अभी-अभी बनी है और हमनें अभी शपथ ली है। हमारी जेबें अभी गर्म नहीं हुई हैं। जो लोग विपक्ष में हैं उनकी जेबें काफी गहरी हैं। अगर वे आपके पास आएं और अपनी जेब में से कुछ हिस्सा दें तो उसे मना मत कीजिए। घर आई लक्ष्मी को कौन मना करता है, लेकिन वोट सिर्फ कांग्रेस को ही दीजिए।

### भाजपा ने की शिकायत

मंत्री के इस बयान का वीडियो सामने आने के बाद भाजपा नेता किरीट सोमैया ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि यशोमति ठाकुर ने प्रलोभन देकर मतदाताओं को अपने पक्ष में करने का प्रयास किया है, उनसे वोटों के बदले में नकदी स्वीकार करने के लिए कहा है। वहीं, इस बयान पर विवाद छिड़ने पर यशोमति ठाकुर ने सफाई दी है कि उनकी बातों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। उन्होंने यह भी दलील दी कि वे कह रही थीं कि जो केंद्र सरकार में हैं और पहले राज्य सरकार में थे उनकी जेबें गर्म हैं, हमारे पास पैसे नहीं हैं। उन्होंने उनकी बात को डब करके प्रचारित करने का भी आरोप लगाया है।

# टंकी पर चढ़ कूदने की धमकी देता रहा शख्स

## घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा



**संवाददाता**

**पुणे।** शहर के चाकण इलाके में एक शख्स सोमवार दोपहर पानी की टंकी पर चढ़ गया और घंटों हंगामा करता रहा। उसे टंकी पर चढ़ा देख नीचे खड़े लोगों के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में पुलिस को बुलाया गया। उसने मनाने का काफी प्रयास हुआ और तकरीबन दो घंटे बाद उसे किसी तरह से नीचे उतारा गया। टंकी पर चढ़कर हंगामा कर रहे शख्स का नाम सचिन कंताराम मोरें है। पुलिस के मुताबिक, वह मानसिक रूप से परेशान है। फिलहाल उसे हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। इस हंगामे के चलते इलाके में कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बना रहा। मोरें के परिजनों का कहना है कि वे अकसर इस तरह की हरकतें करता रहता है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**दिल्ली विधानसभा चुनावः 70 सीटों पर...**

2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को 70 में से 67 सीटें मिली थीं। भाजपा ने 3 सीटें जीती थीं। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिल सकी थी। 2015 में चुनाव आयोग ने 12 जनवरी को दिल्ली चुनाव की घोषणा की थी, 7 फरवरी को मतदान हुआ था और 10 फरवरी को नतीजे आए थे। देश में एब्सेंटी वोटर्स की व्यवस्था पहली बार दिल्ली विधानसभा चुनाव से मिलने जा रही है। इसके तहत विकलांगों और 80 साल से ज्यादा उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के पास खुद पोलिंग बूथ जाकर वोट डालने के साथ-साथ बूथ न पहुंच पाने की स्थिति में पोस्टल बैलट के जरिए मतदान करने का भी विकल्प रहेगा। एब्सेंटी वोटर्स के लिए चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार को सिफारिशें भेजी थीं। इस सिफारिश को मंजूर करते हुए विधि मंत्रालय ने अक्टूबर 2019 में निर्वाचन 1961 में संशोधन कर दिया था। इससे पहले तक सशस्त्र बलों के कर्मियों और चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के पास ही पोस्ट बैलट की सुविधा थी।


**भीड़भाड़ वाले कामठीपुरा की...**

घायलों में आदिल कुरैशी (20), निशा देवी (32), चंदादेवी (60), अनिया (2), मोहनराम (70) समेत 8 लोग शामिल हैं। इनमें से मोहनराम की हालत गंभीर है। फायर ब्रिगेड के मुताबिक, चाइना बिल्डिंग में लेवल 2 की यह आग सुबह 9.44 मिनट पर रिपोर्ट हुई। आरएस निमकर मार्ग पर स्थित इस इमारत तक पहुंचने में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। क्योंकि यह इलाका काफी भीड़भाड़ वाला और सघन है। मौके पर दमकल के 4 फायर इंजन, 3 जेट, एक फायर टैंकर को भेजा गया।

**शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत ने कहा...**

राष्ट्रपति पद के लिए उनके नाम पर विचार करना चाहिए। सभी राजनीतिक दलों से 2022 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए उनके नाम पर सहमति बनाना चाहिए। जब पवार के नाम पर दूसरी पार्टियों के रुख पर सवाल किया गया, तो राउत ने कहा- उन्होंने केवल पवार के नाम का प्रस्ताव रखा है। उद्धव सरकार में राकांपा के पास बड़े विभागराउत ने महाराष्ट्र में सरकार बनाने के लिए कांग्रेस और शिवसेना को एक साथ लाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा ने मिलकर महाराष्ट्र विकास अघाड़ी का निर्माण किया था। गठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने अपने मंत्रिमंडल में सभी पार्टियों के विधायकों को शामिल किया। इसमें शरद पवार की पार्टी राकांपा के पास गृह और वित्त जैसे ताकतवर मंत्रालय हैं।

## सोने का भाव 720 बढ़कर 41,730 प्रति 10 ग्राम पहुंचा, यह अब तक का सबसे ज्यादा



**नई दिल्ली।** सोने का भाव सोमवार को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। दिल्ली में सोने का रेट 720 रुपए बढ़कर 41,730 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। इसकी वजह अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव है। दरअसल, दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के कारण निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोना खरीद रहे हैं। इससे पहले ट्रेडिंग में सोना 41,010 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत में भी 1,105 रुपए का उछाल आया। चांदी की कीमत 48,325 रुपए प्रति किलो से बढ़कर 49,430 रुपए प्रति किलो पहुंच गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के हेड (पीसीजी-एडवाइजरी) देवर्ष वकील बताते हैं कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतों में इजाफा हुआ, जिसका असर भारत में भी दिखा। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर होने से भी कीमतें बढ़ीं। सोमवार को रुपया 13 पैसे गिरकर 71.94 पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोमवार को सोने की ट्रेडिंग 1575 डॉलर (1.13 लाख रुपए) प्रति औंस पर हुई। चांदी की ट्रेडिंग भी 18.34 डॉलर (1318 रुपए) प्रति औंस पर हुई। कॉमेक्स (उडटए) पर अंतरराष्ट्रीय सोने की कीमत 2.3% बढ़कर 1588.13 डॉलर (1.14 लाख रुपए) के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। 2013 के बाद ये पहली बार था, जब सोना इतने उच्च स्तर पर पहुंचा।









# जेएनयू में हुई हिंसा के विरोध में राकांपा कार्यकर्ताओं का भाजपा कार्यालय पर प्रदर्शन

# कई हिरासत में लिए गए




**संवाददाता**

**दिल्ली** में जवाहर लाल नेहरू सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्रों पर हुए हमले का देशभर में विरोध हो रहा है। इसी कड़ी में सोमवार दोपहर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुंबई स्थित भाजपा कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इस हिंसा में भाजपा की स्टूडेंट विंग एबीवीपी का हाथ है। प्रदर्शन का अंदेशा पहले से होने के कारण भारी संख्या में पुलिसबल पहले से वहां तैनात था। हंगामा बढ़ता देख पुलिस दो दर्जन से ज्यादा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। इससे पहले रविवार देर रात को मुंबई और पुणे में भी छात्रों ने जेएनयू में हुई हिंसा के विरोध में प्रदर्शन और नारेबाजी की। आधी रात को पुणे में जहां फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने कैंपस में मार्च निकाला और इंकलाब के नारे बुलंद किए। वहीं, मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया पर इसके विरोध में सैंकड़ों लोग हाथ में कैंडल लेकर पहुंचे। यहां छात्रों के एक वर्ग द्वारा अभी भी प्रदर्शन जारी है। इसके समर्थन में अभिनेता सुशांत सिंह भी गेटवे ऑफ इंडिया पर पहुंचे।

## पुणे में आधी रात को एफटीआईआई के छात्रों ने कैंपस में मार्च निकाला और इंकलाब के नारे लगाए

### वहीं मुंबई के गेट वे ऑफ इंडिया पर इसके विरोध में सैंकड़ों लोग हाथ में कैंडल लेकर पहुंचे

## पुणे में प्रदर्शन

पुणे एफटीआईआई में छात्रों के एक वर्ग ने इस हिंसा के लिए एबीवीपी को जिम्मेदार ठहराया है। हाथों में मसाल लेकर छात्रों ने पूरे कैंपस में मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को भी इस मुद्दे को लेकर कैंपस में एक छोटी सी सभा बुलाई गई है। जहां छात्र सिग्नेचर अभियान के माध्यम से इस हमले का विरोध करेंगे।

## मुंबई में प्रदर्शन

मुंबई के गेट वे ऑफ इंडिया पर रात 12 से 2 बजे के बीच कई शिक्षण संस्थानों से जुड़े छात्र हाथ में कैंडिल लेकर पहुंचे। भीड़ को देखते हुए भारी संख्या में पुलिसबल मौके पर तैनात किया गया था। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने इस हिंसा के लिए भाजपा सरकार और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को जिम्मेदार ठहराया। आईआईटी बॉम्बे के छात्रों ने एक जॉइंट स्टेटमेंट जारी कर कहा, 'हम इस हिंसा की निंदा करते हैं। जिस तरह से फीस वृद्धि का विरोध कर रहे छात्रों पर हमला हुआ उससे स्पष्ट है कि सरकार युवाओं की आवाज दबा रही है, उन्हें डराने का काम किया जा रहा है।' मुंबई में हुए इस प्रदर्शन के दौरान स्थानीय लोगों ने भी छात्रों के समर्थन में एक मार्च निकाला।

## फीस बढ़ोतरी के खिलाफ दो महीने से प्रदर्शन

यूनिवर्सिटी में फीस बढ़ोतरी को लेकर पिछले दो महीनों से प्रदर्शन चल रहा है। रविवार सुबह भी छात्र अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद कर रहे थे। इसी दौरान मारपीट की घटना हुई। जेएनयू छात्र संघ ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और यूनिवर्सिटी प्रबंधन पर इस घटना में शामिल होने का आरोप लगाया है। एबीवीपी ने कहा कि इस सबके पीछे लेफ्ट से जुड़े छात्रों का हाथ है।



# सुप्रीम कोर्ट में अपील पेंडिंग होने की दलील देकर माल्या दिवालिया कार्रवाई नहीं रोक सकता: चीफ जस्टिस

### भारतीय बैंकों ने माल्या को दिवालिया घोषित करने के लिए लंदन की कोर्ट में दी थी अर्जी



**सुप्रीम कोर्ट** ने कहा है कि विजय माल्या अपनी याचिका पर फैसला बाकी होने की दलील देकर दूसरी अदालतों के फैसलों को नहीं अटका सकता। चीफ जस्टिस एस ए बोबड़े की बेंच ने यह आदेश दिया। बता दें एसबीआई समेत अन्य बैंकों ने लंदन की अदालत में माल्या के खिलाफ दिवालिया प्रक्रिया शुरू करने की अपील की थी। लंदन की कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस बीच माल्या ने कर्ज चुकाने के प्रस्ताव के साथ 27 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दी। इसके बाद लंदन की कोर्ट में भी अपील दायर कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने तक दिवालिया मामले में कोई आदेश जारी नहीं होना चाहिए।

**माल्या के प्रत्यर्पण मामले में फरवरी में सुनवाई:** किंगफिशर एयरलाइन के लोन मामले में माल्या पर धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप हैं। बैंकों के मुताबिक माल्या पर 10 हजार करोड़ रुपए बकाया हैं। वह मार्च 2016 में लंदन भाग गया था। लंदन की अदालत और सरकार माल्या के प्रत्यर्पण की मंजूरी दे चुकीं, लेकिन उसने फैसले के खिलाफ अपील की थी। उसकी अपील पर फरवरी में सुनवाई होगी। भारत में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) अदालत ने पिछले दिनों बैंकों को माल्या की जब्त संपत्तियां बेचने की मंजूरी दे दी थी। हालांकि, इस आदेश पर 18 जनवरी तक स्थगन रहेगा। इस बीच माल्या या अन्य संबंधित पक्ष बॉम्बे हाईकोर्ट में अपील कर सकते हैं।

# जेएनयू: छात्रसंघ अध्यक्ष बोलीं...

## पुलिस को कैंपस में अज्ञात लोगों के जुटने के बारे में बताया था, लेकिन उन्होंने तवज्जो नहीं दी



**जवाहरलाल** नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) की छात्रसंघ अध्यक्ष आइशी घोष ने सोमवार को कहा कि उन्होंने यूनिवर्सिटी में हिंसा भड़कने के कुछ घंटे पहले पुलिस को बताया कि था कि कुछ अज्ञात लोग कैंपस में जमा हो रहे हैं, लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि रविवार को दोपहर लगभग 2:30 बजे पुलिस को बताया था कि हम सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे। क्योंकि कई अज्ञात लोग कैंपस में जमा हो गए थे। आइशी ने कहा कि हम फीस बढ़ोतरी को लेकर यूनिवर्सिटी में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, ताकि इस मुद्दे को हल किया जा सके। प्रदर्शन के दौरान अचानक आइशी और अन्य छात्रों को कुछ नकाबपोश लोगों ने निशाना बनाया। छात्रसंघ अध्यक्ष ने कहा कि साबरमती हॉस्टल के पास भी हमला किया गया था। लोहे की रॉड से हमला हुआ। चोट लगने से काफी खून निकला। आसपास के छात्रों ने अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस बुलाई। आइशी ने हमले के लिए कुलपति जगदीश कुमार को दोषी ठहराया और इस्तीफा देने की मांग की।

**हिंसा में 35 लोग जख्मी:** जेएनयू में फीस बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान रविवार रात हिंसा हुई थी। नकाबपोशों ने छात्र-शिक्षकों को डंडे और लोहे की रॉड से बुरी तरह पीटा। वे ढाई घंटे तक कैंपस में कोहराम मचाते रहे। आइशी ने एबीवीपी पर हमले का आरोप लगाया और कहा कि नकाबपोश गुंडों ने मुझे बुरी तरह पीटा। करीब 35 लोग जख्मी हो गए। जेएनयू में हिंसा के बाद भारी संख्या में पुलिसबल तैनात है।

# प्रतिभागियों के साथ हिट रहा दि एकर्स क्लब




**संवाददाता**

**मुंबई।** नववर्ष पर चेंबूर स्थित दि एकर्स क्लब 350 से अधिक प्रतिभागियों के साथ हिट साबित हुआ। 2020 के आगमन पर लोगों के मनोरंजन के लिए कई तरह के साधन उपलब्ध कराए गए थे। जिसमें बच्चों के लिए कैंडी क्लॉस और पॉपकॉर्न की व्यवस्था के साथ-साथ अनेक तरह की भी व्यवस्थाएं थी। दि एकर्स क्लब में नृत्य प्रदर्शन के साथ ही साथ बेली डांसिंग, एकल और समूह नृत्य, बच्चों के लिए मनोरंजन के साधन मौजूद रहा। नए साल के आगमन पर उपस्थित लोगों के लिए भी मंच उपलब्ध कराया गया था, जहां लोगों ने परिवार के साथ आनंद उठाया।

# पश्चिम एशिया इस समय अशांति के मुहाने पर खड़ा हैं


**अमेरिका** ने ईरान के शीर्ष सैन्य अधिकारी मेजर जनरल कासिम सुलेमानी को निशाना बनाकर एक बार फिर पश्चिम एशिया को अशांति के मुहाने पर ला खड़ा करने का काम किया है। सुलेमानी की हत्या के बाद ईरान जिस तरह बदले की आग से भरा हुआ है और अमेरिका को सबक सिखाने की धमकी दे रहा है उसके नतीजे अच्छे नहीं होंगे। इन संभावित नतीजों से केवल पश्चिम एशिया ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया आशंकित है। इसका एक बड़ा कारण यही है कि यह वह क्षेत्र है जो विश्व की तेल जरूरतों को पूरा करता है। साफ है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने पूरी दुनिया के लिए समस्या खड़ी कर दी है।जाहिर है अमेरिका के इस कदम से दुनिया के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ गयी हैं क्योंकि इन हमलों के मद्देनजर तेल की वैश्विक कीमतों में चार प्रतिशत से अधिक उछाल आया है और दुनिया भर के शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट आयी है। वहीं अगर दुनिया के विभिन्न देशों की इस हमले पर आयी प्रतिक्रियाओं को देखें तो यह मिलीजुली कही जा सकती हैं। रूस की समाचार एजेंसी रिया नोवोस्ती और तास ने विदेश मंत्री के हवाले से कहा है कि सुलेमानी की हत्या एक दुस्साहिक कदम है लेकिन इससे पूरे क्षेत्र में तनाव बढ़ेगा। रूसी विदेश मंत्री के हवाले से कहा गया कि सुलेमानी को वफादारी से ईरान के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने की कीमत चुकानी पड़ी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस का कहना है कि दुनिया एक और खाड़ी युद्ध नहीं झेल सकती। उन्होंने खाड़ी में तनाव बढ़ने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह ऐसा समय है जिसमें नेताओं को अधिकतम संयम बरतना चाहिए। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुआंग ने कहा है कि उनका देश हमेशा से अंतरराष्ट्रीय संबंधों में बलों के प्रयोग का विरोध करता रहा है।


अशोक भाटिया

जनरल कासिम सुलेमानी ईरान के बेहद ताकतवर कमांडर थे और अब ईरान ने सुलेमानी की मौत का बदला लेने की चेतावनी भी दी है। यहां तक कि उसने परमाणु हमला तक करने की धमकी अमेरिका को दे दी हैं। इसी बीच इराक के बगदाद में स्थिति अमेरिकी दूतावास पर भी ईरान ने रॉकेट से हमला किया है। हालांकि, अभी ये नहीं पता चल सकता है कि इस हमले में कितने लोग मारे गए हैं या घायल हुए हैं। उधर ईरान बदले की आग में झुलस रहा है, इधर डोनाल्ड ट्रंप ने भी कह दिया है कि ईरान पर ऐसा हमला होगा, जैसा पहले कभी नहीं हुआ दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने अपनी मस्जिद पर लाल झंडा फहरा दिया है। तो क्या इसका ये मतलब है कि ईरान ने जंग का ऐलान कर दिया है?यह तय है कि यदि ईरान ने अमेरिकी हितों को नुकसान पहुंचाने की कोई कोशिश की तो अमेरिकी राष्ट्रपति भी चुप बैठने वाले नहीं हैं। वह पहले से ही ईरान को चेताने के साथ यह बताने में लगे हुए हैं कि अमेरिकी सेनाओं के संभावित लक्ष्य क्या होंगे? पश्चिम एशिया में अपना दबदबा बढ़ाने में जुटे ईरान के अनैतिक तौर-तरीकों की तरफदारी नहीं की जा सकती, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति सत्ता में आने के बाद से ही जिस तरह उसको अस्थिर करने में लगे हुए हैं उसे भी सही नहीं कहा जा सकता। गैर जिम्मेदाराना हरकत करने वाले देशों से निपटने की अमेरिका की रीति-नीति जिम्मेदार राष्ट्र के अनुकूल नहीं।

# जेएनयू में हिंसा: उद्धव ने कहा- कैंपस में हुई हिंसा ने मुझे मुंबई के आतंकी हमले की याद दिला दी, सोनिया बोलीं- विरोध की आवाज दबाने के लिए हद लांघ रही सरकार

**जवाहरलाल** नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में रविवार रात छात्र-शिक्षकों पर नकाबपोशों के हमले के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। सोमवार को कांग्रेस ने इस हिंसा के लिए भाजपा और एबीवीपी को जिम्मेदार ठहराया। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने कहा कि संघ को कैंपस से खूनी खेल बंद करना चाहिए। वहीं, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि यूनिवर्सिटी को राजनीति का अड्डा नहीं बनाना चाहिए। वहीं सोनिया गांधी ने कहा कि सरकार अपने विरोध में उठी आवाज दबाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। जेएनयू कैंपस में रविवार शाम को हुई हिंसा में छात्र संघ अध्यक्ष आइशी घोष समेत कई छात्र और शिक्षक घायल हो गए थे। इसके बाद रात भर छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। रविवार की रात को ही गृह मंत्री अमित शाह ने पूरे मामले पर रिपोर्ट तलब की थी। उन्होंने दिल्ली पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक को कानून-व्यवस्था बनाने के लिए तत्काल कदम उठाने का आदेश भी दिया था। कांग्रेस पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा, जेएनयू में रविवार को छात्र-शिक्षकों पर हुआ घातक हमला इस बात को साबित करता है कि सरकार अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को दबाने के लिए किस हद तक जा सकती है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा- हमलावरों को मास्क पहनने की जरूरत क्यों पड़ी? वे कायर थे। मैं टीवी देख रहा था। इसने मुझे मुंबई हमले की याद दिलाई। मैं महाराष्ट्र में इस तरह के हमले बर्दाश्त नहीं करूंगा। केरल के मुख्यमंत्री विजयन ने कहा, संघ को कैंपस से खतरनाक खूनी खेल बंद करना चाहिए। यह अच्छा रहेगा, अगर वे समझ लें कि छात्रों की आवाज ही देश की आवाज है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कांग्रेस और केजरीवाल पर अमित शाह का बड़ा आरोप, 'सीसीए पर गुमराह कर दंगा कराया'

**नई दिल्ली।** हाल में झारखंड की सत्ता छिनने के बाद बीजेपी डैमेज कंट्रोल की नीति के तहत दिल्ली की गद्दी हासिल करने की जीतोड़ कोशिश में जुट गई है। इसी क्रम में पार्टी अध्यक्ष अमित शाह ने कार्यकताओं में जोश भरने के लिए इंदिरा गांधी स्टेडियम में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान वह दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और उनकी आम आदमी पार्टी (आप) पर जमकर बरसे। उन्होंने नागरिकता संशोधन कानून (उअअ) के मुद्दे पर कांग्रेस को भी घेरा। शाह ने कहा कि राहुल और प्रियंका गांधी ने सीएए पर जनता को गुमराह किया।

शाह ने सीएए के विरोध में दिल्ली में प्रदर्शनों के दौरान फैली हिंसा के लिए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा, 'सीएए को लेकर जनता को



गुमराह करने का काम किया गया। कांग्रेस पार्टी के राहुल बाबा और प्रियंका वाड्रा ने सीएए पर जनता को गुमराह कर दंगे कराने का काम किया है। 1984 में सिखों का नरसंहार हुआ। कई सिख भाई-बहनों का कत्लेआम कर दिया। कांग्रेस की सरकारें उनके घावों पर मरहम नहीं लगाती थी। मोदी सरकार ने हर पीड़ित को 5-5 लाख रुपये का मुआवजा दिया और जो दोषी थे उन्हें जेल की सलाखों के पीछे डाला।'

गृहमंत्री ने पाकिस्तान के ननकाना साहिब में गुरुद्वारे पर हुए हमले के बहाने भी विपक्षी दलों को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा, 'केजरीवाल, राहुल और सोनिया गांधी आंख खोलकर देख लें। पाकिस्तान ने ननकाना साहिब जैसे पवित्र स्थल पर हमला करके सिख भाइयों को आतंकित कर दिया है।' राम जन्मभूमि को लेकर भी शाह ने विपक्षियों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राम जन्मभूमि के मामले को बहुत वर्षों से रोककर रखा थी। वह कोर्ट में इसका विरोध करती थी। सुप्रीम कोर्ट ने अब फैसला दिया है कि राम जन्मभूमि पर मंदिर बनना चाहिए जो देश के करोड़ लोगों की इच्छा थी।

बीजेपी अध्यक्ष ने दिल्ली सरकार पर भी जमकर जुबानी तीर चलाए। उन्होंने कहा, 'केजरीवाल जी ने दिल्ली के लिए क्या किया जरा बताइए। आपने कहा था कि 20 कॉलेज बनाएंगे, ये कॉलेज कहां गए पता नहीं। पांच हजार से ज्यादा स्कूल बनाने का वादा किया था, मैं चश्मा चढ़ाके देख रहा हूं कि कहां स्कूल बने, पर कहीं नहीं दिखता।' शाह ने दिल्ली में कच्ची बस्तियों को पक्का करने को लेकर जारी राजनीतिक घमासान पर कहा, 'अभी तक सभी राजनीतिक दल अनाधिकृत कॉलोनियों के साथ राजनीति करते रहे, बहानेबाजी किया करते थे। नरेन्द्र मोदीजी ने एक ही झटके में सारी अनधिकृत कॉलोनियों को अधिकृत कर दिया। केजरीवालजी ने दिल्ली में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत काम नहीं होने दिया, आयुष्मान भारत योजना भी लागू नहीं करने दिया।'

# यूपीः 24 घंटे में हत्या की 13 वारदातों ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर खड़े किए गंभीर सवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 24 घंटे के भीतर हुई हत्या की 13 वारदातों ने कानून-व्यवस्था की मजबूती के दावे पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यूपी के प्रयागराज समेत कुल 7 जिलों में हुई हत्या की वारदातों से प्रदेश के लोग दहशत में हैं। वहीं पुलिस के अधिकारी अब भी प्रदेश की कानून-व्यवस्था के मजबूत होने का दावा कर रहे हैं।

रविवार को प्रयागराज जिले में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या के मामले ने अब प्रदेश की कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के दावों पर सवाल उठा दिया। प्रयागराज के सोरांव इलाके में हुए इस हत्याकांड में अपराधियों ने मासूम बच्चों को भी नहीं बख्शा। इसके अलावा प्रदेश के बाराबंकी जिले में भी एक पुलिस थाने के पास अपराधियों ने दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी।

रविवार को सामने आई वारदातों में सबसे दर्दनाक घटना प्रदेश के प्रयागराज में ही हुई। यहां अपराधियों ने सोरांव के युसुफपुर इलाके में



एक परिवार के पांच लोगों को मौत के घाट उतार दिया। मृतकों में ट्रांसपोर्ट का बिजनस चलाने वाले सोमदत्त तिवारी, उनके पिता विजय शंकर, पत्न ी सोनी तिवारी और दो बच्चे कान्हा और कुंज शामिल हैं। पुलिस प्रयागराज के इस मर्डर केस के बाद फरेंसिक विभाग और क्राइम ब्रांच की टीमों के साथ मामले की जांच कर रही है। हालांकि अब तक अपराधियों के बारे में पुलिस को कोई खास जानकारी नहीं मिल सकी है।

**किस जिले में हत्या की कितनी वारदात**
**प्रयागराज- 5**
**बाराबंकी-2**
**ललितपुर- 2**
**हरदोई-1**
**मैनपुरी-1**
**कासगंज-1**
**आगरा-1**

ललितपुर में डबल मर्डर केस सामने आया

रविवार को ही प्रदेश के ललितपुर जिले में एक डबल मर्डर केस सामने आया। वहीं आगरा, कासगंज और मैनपुरी में भी हत्या के एक-एक मामले सामने आए। पुलिस के अनुसार, हत्या के अधिकतम मामलों के आपसी रंजिश से जुड़े होने की बात सामने आई है। अधिकारियों का कहना है कि आपराधिक घटनाओं के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है और सभी मामलों के दोषियों की तलाश की जा रही है। इसके अलावा कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है।

# हनीट्रैप केस में नाम सामने आने के बाद दो ओएसडी के तबादले

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार में खनन मंत्री प्रदीप जायसवाल के ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (ओएसडी) अरुण निगम को



राज्य के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग में भेज दिया गया है। इसके साथ ही मध्य प्रदेश प्रशासन ने फूड ऐंड सप्लाइज मिनिस्टर प्रद्युम्न सिंह तोमर के ओएसडी हरीश कुमार खरे को वुमन ऐंड चाइल्ड डिवेलपमेंट मिनिस्ट्री में भेज दिया है।

बता दें कि दोनों ही अधिकारियों निगम और खरे का नाम हनी ट्रैप केस में सामने आया था। इस घटना के बाद शासन और प्रशासन के होश फाख्ता हो गए थे। वहीं, ग्वालियर के जॉइंट कलोक्टर चांद्रभूषण प्रसाद को तोमर का ओएसडी नियुक्त किया गया है।

गौरतलब है कि सितंबर 2019 में मध्य प्रदेश से सामने आए हनी ट्रैप केस की जांच के दौरान कुछ फाइलें मिली थीं, जिसमें अधिकारियों की सेक्स चैट, यौन संबंध न्यूड विडियो और ऑडियो क्लिप भी शामिल थे। इस रैकिट में बी ग्रेड मूवी की कई ऐक्ट्रेस के नाम भी सामने आ रहे थे।

# जेएनयू हिंसा पर पुलिस बोली, मिल रही हैं कई शिकायतें, जल्द दर्ज होगी एफआईआर

**नई दिल्ली।** जवहार लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में रविवार की शाम को छात्रों पर नकाबपोश लोगों द्वारा किए गए हमले के बाद दिल्ली पुलिस निशाने पर आ गई। पुलिस पर आरोप लगे कि कई कॉल्स के बाद भी वह देरी से कैंपस पहुंची। इस बीच, पुलिस ने कहा है कि उसे इस मारपीट के बारे में कई शिकायतें मिली हैं और वह जल्द ही एफआईआर दर्ज करेगी। पुलिस ने देर रात कैंपस में फ्लैग मार्च भी किया है। बताया जा रहा है कि गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर से बात कर हिंसा पर तत्काल रिपोर्ट मांगी है।

इधर, सरकार ने भी जेएनयू हिंसा पर सख्त रुख अपनाते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन को तलब कर लिया है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सचिव ने जेएनयू के रजिस्ट्रार, प्रॉक्टर और रेक्टर को आज अपने ऑफिस बुलाया है। इस बीच, दिल्ली पुलिस की डीसीपी शालिनी सिंह को हिंसा की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जेएनयू टीचर संघ ने विश्वविद्यालय में हिंसा की कड़ी निंदा की है। छात्रों के उकसावे से दूर रहने की अपील की है। संघ ने जेएनयू समुदाय से लोकतांत्रिक तरीके से असहमति दिखाने और शांति की अपील की है।

आईटीओ पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों से दिल्ली पुलिस ने देर रात बात की है। छात्रों ने पुलिस के सामने कई मांगें रखीं। छात्रों ने घायल लोगों के लिए तुरंत मेडिकल सहायता की मांग की है। इसके अलावा इस हमले में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार करने की भी की गई है।

छात्र पुलिस पर कैंपस में देरी से पहुंचने का आरोप लगा रहे हैं। रजिस्ट्रार की सलाह पर स्टूडेंट्स ने कई बार 100 नंबर डायल किया। पीसीआर को 90 से ज्यादा कॉल मिलीं लेकिन स्टूडेंट्स का आरोप है कि कई कॉल करने के बावजूद पुलिस देरी से पहुंची और हिंसा रोकने के बजाय चुप रही। पुलिस ने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन के कहने पर हम अंदर आए। कुछ नकाबपोश देखे गए हैं, जिनकी पहचान की जाएगी। जेएनयू प्रशासन ने कहा कि रात में भी नकाबपोश कैंपस में लोगों पर हमले करते रहे।

बीएसपी चीफ मायावती ने जेएनयू हिंसा की कड़ी निंदा करते हुए इसकी न्यायिक जांच की मांग की है। मायावती ने ट्वीट कर कहा, 'जेएनयू में छात्रों एवं शिक्षकों के साथ हुई हिंसा अति-निंदनीय एवं शर्मनाक।

# 30 का होने से पहले इन जगहों पर जरूर घूम लें, सब भारत में हैं

*यहां हम आपको भारत की 10 ऐसी जगहों के बारे में बता रहे हैं जहां आपको 30 वर्ष का होने से पहले ही घूम लेना चाहिए। आज आप जो भी एक्सप्लोर कर लेंगे, वह जिंदगीभर याद के रूप में आपके साथ रहेगा। जो जगह हम बता रहे हैं, वे अपनी भव्यता और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। सोलो ट्रैवलर्स के लिए ये प्लेसेस तो जन्नत माने जाते हैं। आप भी देखें...*

**गोवा**

गोवा कई लोगों के लिए ड्रीम प्लेसेस से कम नहीं है। इस जगह को यंग और एनर्जेटिक माना जाता है। यहां की नाइटलाइफ शानदार है, कई सारे बेहतरीन बीच हैं। इस तरह गोवा भारत के बेस्ट हॉलिडे डेस्टिनेशन्स में से एक है जो आपकी ट्रिप यादगार बना देगा।

**मैकलॉडगंज**

नेचर को करीब से देखना और समझना है तो यह जगह बेस्ट है। मैकलॉडगंज भारत की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। यहां धौलाधार पर्वत श्रृंखला का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। इसके अलावा आप यहां दोस्तों के साथ तारों के नीचे कैम्पिंग कर सकते हैं और इसका आनंद सबसे अलग होता है।

**श्रीनगर**

यही वह समय है जब आप अपनी घूमने की लिस्ट में कश्मीर को जोड़ सकते हैं। कहते हैं कि अगर दुनिया में कहीं जन्नत है तो वह यही है। इसका आकर्षण ऐसा है कि लोग खिंचे चले आते हैं और इसे कभी भुला नहीं पाते हैं।

**अंडमान**

पानी से आपको डर लगता है? कभी स्विमिंग नहीं की है? तो यही मौका है डर को दूर भगाने का और अंडमान के समुद्र में गोते लगाने का, एकदम बॉलिवुड फिल्म 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' स्टाइल में।

**लेह-लद्दाख**

लेह-लद्दाख लगभग हर ट्रैवलर की लिस्ट में सबसे ऊपर होता है। यह तमाम सारे लोगों का ड्रीम प्लेस है। हल्की हवाओं के साथ रोड पर बाइक चलाना, लोकल लोगों के साथ समय बिताना, ट्रेकिंग पर जाना और अडवेंचरस जर्नी में पहाड़ों पर स्वतंत्र होना सीखना आपको सबसे अलग अनुभव देता है।



**बिनसर**

जंगल, हाइट, वाइल्डलाइफ और शांति जैसी चीजें पसंद हैं तो बिनसर पहुंचने से बेहतर कुछ नहीं है। अल्मोड़ा के कुमाऊंनी रीजन में स्थित बिनसर भारत के उभरते हुए टूरिस्ट डेस्टिनेशन्स में से एक है।

**कुर्ग**

अगर भारत की बेस्ट और सेफ जगहों में देखा जाए तो लिस्ट से कुर्ग को भूला नहीं जा सकता है। बेंगलुरु से काफी सारे लोग अपने छोटे वकेशन के लिए यहीं पहुंचते हैं। मंत्रमुग्ध कर देने वाला कर्नाटक का यह हिल स्टेशन बेहद खूबसूरत है। यहां जाकर आप अपनी सारी थकान भूल जाएंगे और पॉजिटिव फील करेंगे।

**केरल**

नेचर लवर्स ध्यान दें... केरल को 'भगवान का अपना देश' कहा जाता है और इसी चीज को आप वहां पहुंचकर पूरी तरह से फील कर सकते हैं। यहां के अद्भुत जंगल, हरे-भरे पेड़, पानी और वाइल्ड हर किसी को आकर्षित करती है। केरल में आपको खुश होने के लिए ऐसी तमाम सारी चीजें देखने को मिल जाएंगी।

**कनातल**

उत्तराखंड में स्थित कनातल अडवेंचर स्पॉट है जहां आपको कई सारी थ्रिलिंग ऐक्टिविटीज को इंजॉय करने का मौका मिलता है। यहां का कैम्पिंग एक्सपीरियंस शानदार होता है। वीकेंड के लिए यह जगह सबसे बेस्ट है। इस जगह को बिल्कुल भी मिस नहीं किया जाना चाहिए।

**कसोल**

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित गांव कसोल सोलो ट्रैवल के लिए सबसे अच्छा ऑप्शन माना जाता है। यहां पहुंचकर न सिर्फ आप खुद को नए रूप में पाते हैं बल्कि आप कई आप कई सारे अनुभवों के साथ लौटते हैं। इस मामले में कसोल से अच्छी जगह नहीं हो सकती है।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। लेटलतीफी कार्यालय में भारी पड़ सकती है। किसी से पैसों के लेनदेन में सावधानी बरतें।

**वृष**
मौसम की प्रतिकूलता स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है इसलिये सचेत रहें। व्यापार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। धार्मिक आयोजनों में सक्रियता से हिस्सा लेंगे।

**मिथुन**
कोई आपको बरगलाने का प्रयास कर सकता है इसलिये सावधान रहें। आर्थिक मसलों को पारदर्शिता से निपटाएं। व्यापार में लाभ की संभावना है।

**कर्क**
कोई अनचाहा कार्य आपको परेशानी में डाल सकता है। अपने कार्य के प्रति लापरवाही ठीक नहीं है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेंगे।

**सिंह**
नौकरी में पदोन्नति के साथ स्थानांतर के योग बन रहे हैं। नए दायित्व को लेकर खुशी मिल सकती है। कोई पुरानी बीमारी अचानक उभर सकती है।

**कन्या**
कहीं से नौकरी को लेकर आकर्षक प्रस्ताव सामने आ सकता है लेकिन अपने विवेक से सोच समझकर ही निर्णय लें। व्यापार में लाभ के अवसर मिल रहे हैं।

**तुला**
मेहमानों के आगमन से घर में खुशी का माहौल रहेगा। कोई अपना ही आपको भ्रमित कर सकता है इसलिये सतर्क रहें। बुजुर्गों के मार्गदर्शन को महत्व दें।

**वृश्चिक**
अविवाहितों को विवाह के मौके मिल सकते हैं। परिवार में खुशी का क्षण उपस्थित हो सकता है। मौसमी बीमारियों से कुछ परेशानी हो सकती है।

**धनु**
कार्यालय में कुछ परेशानी आ सकती है। आपकी लापरवाही से अधिकारी के आक्रोश का शिकार हो सकते हैं। अपने दायित्व को ठीक तरह से निभाएं।

**मकर**
आपका मनमाना रवैया दूसरों को परेशानी में डाल सकता है। काम में लापरवाही भारी पड़ सकती है। मौसम का परिवर्तन स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है।

**कुंभ**
परिवार के लोगों के साथ धार्मिक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। यात्रा के दौरान चोरी, दुर्घटना का भय भी है। बच्चों के शैक्षणिक भविष्य की चिंता परेशान कर सकती है।

**मीन**
दिन शुभ रहेगा। आपकी सक्रियता और कार्यशैली लोगों के बीच चर्चा का विषय बन सकती है। अभी कहीं यात्रा का कार्यक्रम बनाने से बचें क्योंकि समय अनुकूल नहीं है।

# -40 डिग्री में रहते हैं भारतीय सेना के जवान, हथौड़े से तोड़ना पड़ता है अंडा, आलू और टमाटर

दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है, जो कई जगहों पर अपने पुराने रिकॉर्ड्स को भी तोड़ दिया है। इस कड़ाके की सर्दी में आम लोगों का जीवन कठिन हो गया है, कई लोगों की मौत की खबरें भी आई हैं। हाड़ कंपा देने वाली सर्दी में हम जैसे-तैसे अपने काम कर रहे हैं, लेकिन जरा सोचिए कि पर्वत की चोटियों पर ग्लेशियर में तैनात हमारे देश के जवान -40 डिग्री तापमान में कैसे रहते हैं।

सोशल मीडिया साइट ट्विटर पर भारतीय सेना के जवानों का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने बताया है कि वे ग्लेशियर में कैसे रहते हैं। -40 डिग्री तापमान में आलू, अंडे, टमाटर सब पत्थर जैसे हो जाते हैं। पीने का जूस भी पत्थर के समान हो जाता है।

रोहित अग्रवाल ने भारतीय जवानों का यह वीडियो 28 दिसंबर 2019 को दिन में 11 बजकर 54 मिनट पर ट्वीट किया था। जो अब सोशल मीडिया में वायरल हो गया है।

इस वीडियो में सेना के तीन जवान बता रहे हैं कि वहां पर जूस, अंडे, आलू आदि का क्या हाल होता है। उनमें से एक जवान बताता है कि यहां पर आने वाला अंडा पत्थर हो जाता है। वह अंडे को पटकर दिखाता है, फिर भी वह नहीं फूटता है। उसे तोड़ने के लिए हथौड़े का प्रयोग करना पड़ता है। अंडों को ऐसे ही तोड़कर बनाना पड़ता है।



वह जूस के एक पैकेट को काटकर दिखाता है कि कैसे जूस एक ईंट की तरह जम गया है। उसने बताया कि इसे पीने के लिए पतीले में गरमाना पड़ता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि जवान कैसे बारी-बारी से आलू, अंडे और टमाटर को तोड़ते हैं। खून जमा देने वाले वातावरण में प्याज को काटना भी एक बड़ा काम है।

# किसी को नहीं भा रहा चार दिन के टेस्ट वाला फॉर्म्यूला

**सिडनी/नई दिल्ली/मुंबई/इस्लामाबाद।** आईसीसी ने 2023 से 2031 तक की अवधि में 5 की बजाए चार दिवसीय टेस्ट मैचों के आयोजन के प्रस्ताव पर विचार करने की बात कहकर लगता है विवादों के छत्ते को छेड़ दिया है। पूर्व और मौजूदा क्रिकेटरों ने क्रिकेट के पारंपरिक और सबसे पुराने फॉर्मेट से छेड़छाड़ का विरोध करते हुए अपनी आवाज बुलंद की है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व फास्ट बोलर ग्लेन मैक्ग्रा, उनके हमवतन ऑफ स्पिनर नाथन लियोन और भारतीय कप्तान विराट कोहली द्वारा विरोध जताए जाने के बाद दिग्गज सचिन तेंडुलकर और पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पॉन्टिंग ने भी प्रस्ताव के विरोध में अपनी आवाज बुलंद कर दी। पूर्व भारतीय ओपनर गौतम गंभीर ने चार दिन के टेस्ट मैच को आइडिया को ही हास्यास्पद करार दे दिया। इसके अलावा पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी इसे खिलाफ आवाज उठाई है और उन्होंने सचिन तेंडुलकर की बात का समर्थन करते हुए इसे एशियाई देशों के खिलाफ चाल बताया है।

ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज रिकी पॉन्टिंग ने चार दिवसीय टेस्ट मैच के विचार का विरोध किया और कहा कि वह इस तरह के बदलाव के पक्ष में नहीं हैं। रिकी ने कहा कि मैं चार दिन के टेस्ट मैच के खिलाफ हूं लेकिन जिन लोगों के दिमाग में यह विचार आया, मैं उनसे जानना चाहूंगा कि इसके पीछे प्रमुख



कारण क्या हैं। इस पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा कि चार दिवसीय टेस्ट मैच आयोजित करने से और अधिक मैच ड्रॉ होंगे। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि पिछले दो वर्षों में हमने कई मैच चार दिन में समाप्त होते हुए देखे लेकिन मैंने इस पर गौर किया कि पिछले दशक में कितने टेस्ट मैच ड्रॉ हुए। अगर सभी मैच चार दिवसीय होते तो अधिक टेस्ट मैच ड्रॉ पर खत्म होते।

सचिन और गौतम गंभीर जैसे भारत के पूर्व क्रिकेटर्स ने आईसीसी के चार दिनी टेस्ट के आइडिया को नकार दिया। इन दोनों का विचार है कि टेस्ट में पांचवें दिन स्पिनरों का बोलबाला रहता है और वे हालात का फायदा उठाकर अपनी टीम के लिए योगदान देते हैं लेकिन आईसीसी का यह आइडिया उनसे यह हक छीन लेगा। सचिन ने कहा कि स्पिनर पुरानी हो चुकी गेंद और टूटी हुई विकेट का फायदा उठाकर पांचवें और अंतिम दिन कमाल करते हैं।


यह सब टेस्ट क्रिकेट का हिस्सा है।ऽस्पिनर पुरानी गेंद और टूटी हुई विकेट का फायदा उठाकर 5वें दिन कमाल करते हैं। यह टेस्ट क्रकिटे का हिस्सा है। ऐसे में क्या यह उचित होगा कि स्पिनरों से उनका यह हक छीना जाए।

ऐसे में क्या यह उचित होगा कि स्पिनरों का यह हक उनसे छीना जाए। 200 टेस्ट मैच खेलने वाले इस खिलाड़ी ने कहा कि आज टी20 मैच हो रहे हैं। वनडे मैच हो रहे हैं और अब तो टी10 मैच भी होने लगे हैं। ऐसे में क्रिकेट के सबसे प्यूरेस्ट फॉर्म के साथ छेड़छाड़ जायज नहीं है। इसकी कोई जरूरत नहीं है। गंभीर ने कहा कि यह हास्यास्पद विचार है।

# गुवाहाटी में बारिश बनी विलेन, भारत-श्रीलंका का टी-20 मैच रद्द

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी में रविवार को भारत और श्रीलंका के बीच पहला टी-20 इंटरनेशनल मैच बारिश के कारण बिना गेंद फेंके रद्द कर दिया गया, जिससे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी का इंतजार भी बढ़ गया। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन खेल शुरू होने से कुछ देर पहले तेज बारिश शुरू हो गई।

बारिश थमने के बाद पिच पर कुछ गीले स्थान बन गए जिन्हें सुखाने के लिए हेयर ड्रायर सहित विभिन्न उपकरणों का उपयोग किया गया। अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार नौ बजकर 30 मिनट में आखिरी बार निरीक्षण करने के बाद मैच रद्द करने का फैसला किया जिससे बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में



स्टेडियम में मौजूद दर्शक निराश हो गए।

चोटिल होने के कारण पिछले कुछ महीनों से बाहर चल रहे बुमराह को भारत ने अंतिम एकादश में रखा था। इस तेज गेंदबाज का यह वेस्टइंडीज के खिलाफ किंग्सटन में टेस्ट मैच के बाद पहला प्रतिस्पर्धी मैच होता लेकिन उनका इंतजार अब मंगलवार तक बढ़ गया है जब ये दोनों टीमें इंदौर में दूसरा टी-20 मैच खेलने के लिए उतरेंगी।

कोहली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला करके अपने इरादे जतला दिए थे। भारत लक्ष्य का पीछा करने में हमेशा बेहतर परिणाम हासिल करता रहा है। उन्होंने टॉस के समय कहा था कि पिछले मैचों के परिणाम को देखते हुए पहले बल्लेबाजी करना दूसरी प्राथमिकता बन गई है।

कोहली ने कहा, ह्नहमें आगे विश्व कप में खेलना है और इसलिए हम एक प्रारूप पर खास ध्यान दे सकते हैं।ह्न भारतीय टीम प्रबंधन ने मनीष पांडे, रवींद्र जडेजा, युजवेंद्र चहल और संजू सैमसन को अंतिम एकादश में नहीं रखा था। श्रीलंका के कप्तान लसिथ मलिंगा ने भी कहा था कि उनकी निगाह विश्व कप पर है जिसके लिए वे अगले दो महीने में अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम तैयार कर लेंगे।

# न्यूजीलैंड के बल्लेबाज का टी-20 धमाका- 1 ओवर में जड़े 6 छक्के

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड की घरेलू क्रिकेट टीम कैंटरबरी के बल्लेबाज लियो कार्टर टी-20 क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। क्राइस्टचर्च के हैगले ओवल मैदान पर 25 साल के कार्टर ने टी-20 सुपर स्मैश टूर्नामेंट में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के स्पिनर एंटोन डेवकिक के ओवर में छह छक्के लगाए।

बाएं हाथ के बल्लेबाज कार्टर ने 29 गेंदों पर नाबाद 70 रन बनाए। उनकी पारी में सात छक्के और तीन चौके शामिल हैं। उन्होंने कैंटरबरी की पारी के 16वें ओवर में यह उपलब्धि हासिल की।

टी-20 क्रिकेट की बात करें, तो इससे पहले युवराज सिंह (टी-20 इंटरनेशनल) रॉस व्हिट्ले और हजरतुल्लाह जाजई ने एक ओवर में छह छक्के जड़े हैं। टी-20 में मिस्बाह-उल हक और एलेक्स हेल्स ने भी लगातार छह छक्के जड़े, लेकिन एक



ओवर में नहीं, बल्कि उसमें अगले ओवर की गेंदें भी शामिल रहीं। कीरोन पोलार्ड ने भी यह कारनामा किया है, लेकिन बिग बैश लीग के वॉर्म-अप मैच में।



# सेविया ने एथलेटिक बिल्बाओ से खेला ड्रॉ, ला लीगा में दोनों के बीच 1-1 से बराबर रहा मुकाबला

**मैड्रिड।** स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में सेविया को एथलेटिक बिल्बाओ के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा जिससे बार्सिलोना और रीयल मैड्रिड को अपनी खिताबी उम्मीदों को नए साल में और बढ़ाने का मौका मिल गया।

बिल्बाओ ने खेल के 15वें मिनट में आद्रि कापा के गोल की बदौलत शुरूआती बढ़त हासिल की लेकिन उनाइ नुरेज (60वें मिनट) के आत्मघाती गोल ने सेविया को बराबरी दिलाई। इसके बाद कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। इस ड्रॉ मुकाबले के बाद ला लीगा की तालिका में सेविया 35 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बरकरार है लेकिन उसके हाथ से जीत के साथ रीयल मैड्रिड पर दबाव बनाने का मौका निकल गया।

सेविया के पास चैंपियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने का अच्छा मौका है जिसके लिए बिल्बाओ भी दौड़ में शामिल है। इस मुकाबले के जरिये जीजस नवास सेविया के लिए अपने 500वें मुकाबले में उतरे जो एक मौके पर गोल करने के बेहद करीब पहुंच गए थे।

ला लीगा में शुक्रवार को खेले गए एक अन्य मुकाबले लेगानेस ने रीयल वालाडोलिड से 2-2 से ड्रॉ खेला।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# वाणी कपूर को ट्रोल ने कहा कुपोषण की शिकार

**वाणी** कपूर सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं। वह अक्सर काफी खूबसूरत तस्वीरें भी शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी एक मिरर सेल्फी शेयर की। उन्होंने जैसे ही तस्वीर शेयर की लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। फिर वाणी उनको कहां बख्शने वाली थीं! एक ट्रोल ने लिखा कि क्या वह कुपोषण का शिकार हो गई हैं इस पर वाणी ने भी उनको मुंहतोड़ जवाब दिया। वाणी की तस्वीर पर ट्रोल ने कॉमेंट किया, क्या कुपोषण की शिकार हैं? इस पर वाणी ने लिखा, आप जीवन में कुछ प्रॉडक्टिव क्यों नहीं करते। प्लीज खुद पर इतने कठोर न बनें, जिंदगी बहुत अच्छी है... नफरत न फैलाएं। वहीं वर्कफ्रंट पर बात करें तो वाणी को रितिक रोशन और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म में आखिरी बार देखा गया था। उन्होंने हाल ही में अपनी फिल्मों की चॉइस के बारे में बताया था। उन्होंने कहा था कि वह और जॉनर्स में काम करना चाह ती हैं।

# जेएनयू में हुई हिंसा पर आया आलिया भट्ट का रिऐक्शन

**जवाहर** लाल नेहरू यूनिवर्सिटी में हुई हिंसा की निंदा पूरा देश कर रहा है, जिसमें मास्क पहने कुछ लोगों ने स्टूडेंट्स और टीचर्स पर अटैक किया। इस घटना की तस्वीरें और विडियोज वायरल हो रहे हैं और बॉलिवुड ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई है। आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर इस हिला देने वाली घटना पर सवाल उठाया है, हर दिन परेशना करने वाला है। हो क्या रहा है? उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर काफी कुछ लिखा है। एक और स्टोरी में आलिया ने लिखा है, जब स्टूडेंट्स, टीचर्स और शांति से रहने वाले नागरिकों पर आए दिन शारीरिक हमला होने लगे तो यह दिखाने की कोशिश बंद कर देनी चाहिए कि सब कुछ ठीक है। हमें सच्चाई से आंखें मिलाना चीहिए। इससे पहले अनिल कपूर ने मलंग के ट्रेलर लॉन्च के दौरान कहा था कि इस हिंसक हमले की तस्वीरें देखकर वह डिस्टर्ब फील कर रहे हैं। उन्होंने कहा था, इसकी निंदा होनी चाहिए। मैंने जो देखा, वह काफी दहलाने वाला था। यह बहुत परेशान करने वाला था और जो हो रहा है उसे सोचकर मैं रातभर सो नहीं पाया। हिंसा से कुछ नहीं होगा। जिन्होंने ऐसा किया है उन्हें सजा मिलनी चाहिए। वहीं अनिल के को-स्टार आदित्य रॉय कपूर ने भी कहा कि हमारे देश में इस तरह की हिंसा की कोई जरूरत नहीं है।





# भविष्य में फीमेल ऐक्टर्स की फिल्में कमाएंगी 500 करोड़: विद्या बालन

**बॉलिवुड** की टैलंटेड ऐक्ट्रेस में से एक विद्या बालन अपने बेबाक बयान के लिए जानी जाती हैं। वह महिला सशक्तिकरण के मुद्दों को लेकर अक्सर बात करती नजर आती हैं। ऐक्ट्रेस ने 'द डर्टी पिक्चर', 'तुम्हारी सुलु', 'बेगम जान' जैसी महिला प्रधान फिल्मों में काम किया है। विद्या बालन ने आखिर बार फिल्म 'मिशन मंगल' में काम किया था। इस फिल्म में उनके साथ अक्षय कुमार सहित तापसी पन्नू, निथ्या मेनन, कीर्ति कुल्हारी और सोनाक्षी सिन्हा भी दिखाई दी थीं। विद्या बालन ने हाल ही में एक न्यूज पोर्टल से बात की। ऐक्ट्रेस ने महिला प्रधान फिल्मों को लेकर किए गए सवाल को लेकर कह कि आज अधिक संख्या में महिला प्रधान फिल्में बन रही हैं और अच्छी कमाई कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मिशन मंगल का क्रेडिट नहीं ले सकती हैं क्योंकि फिल्म में बड़े ऐक्टर अक्षय कुमार हैं। विद्या बालन ने कहा कि आने वाले कुछ समय में स्थिति बदल सकती है और फीमेल ऐक्टर्स की फिल्में 200 करोड़ या 500 करोड़ रुपये कमा सकती हैं। इसके अलावा ऐक्ट्रेस ने महिला प्रधान फिल्मों को लेकर बात की।